# महिला सुरक्षा के प्रति गंभीर है हरियाणा सरकारः सोनिया अग्रवाल

## अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारी को भी समझेः कुलपति प्रो सुदेश

**खानपुर कलां, चेतना संवाददाता।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा के प्रति गंभीर है तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं।

सोनिया अग्रवाल शुक्रवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारियों तथा छात्राओं के साथ संवाद कर रही थी। उन्होंने उपस्थित जन का आह्वान किया कि छात्राओं को रिश्तों की गरिमा बनाए रखना सिखाएं तथा भावी जीवन के लिए तैयार करें।

राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रावास में अच्छा वातावरण प्रदान करे और छात्राओं के लिए मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाएं। उन्होंने छात्राओं को उनके कानूनी



अधिकारों की जानकारी देने की बात कही। साथ ही छात्राओं को साइबर अपराधों और इससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने की बात भी कही।

संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि महिला शिक्षा व सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि समाज में महिला मुद्दों को लेकर अभी भी बेहतर करने की गुंजाइश है। कुलपति प्रो सुदेश ने उपस्थित जन से अपने अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारी को भी समझने का आह्वान किया। कुलपति ने उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल को पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में चीफ वार्डन डॉ सुमन दलाल ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा से अवगत कराया। कार्यक्रम संचालन डॉ मंजू पंवार ने किया।



हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल, कुलपति प्रो. सुदेश एवं अन्य।

# छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें शिक्षक : सोनिया अग्रवाल

गोहाना, 3 अगस्त (रामनिवास धीमान): शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल आज भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारियों तथा छात्राओं के साथ संवाद कर रही थी। उन्होंने उपस्थित जन का आह्वान किया कि छात्राओं को रिश्तों की गरिमा बनाए रखना सिखाएं तथा भावी जीवन के लिए तैयार करें। संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि महिला शिक्षा व सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार संवेदनशील हैं। कुलपति प्रो. सुदेश ने उपस्थित जन से अपने अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारी को भी समझने का आह्वान किया। कुलपति ने उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल को पौधा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संचालन डॉ. मंजू पंवार ने किया। तत्पश्चात उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने विश्वविद्यालय के छात्रावास का दौरा सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह, प्रॉक्टर प्रो. इप्शिता बंसल, उपकुलसचिव डॉ. नीलम मलिक, वन स्टॉप सेंटर इंचार्ज अंशु, महिला पुलिस थाना की एसएचओ सुदेश सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय अधिकारी उपस्थित रहे।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
04-Aug-2024
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20240804/27/9/1_1.cms

# शिक्षक अपनी जिम्मेदारी निभाएं : सोनिया

## महिला आयोग की उपाध्यक्ष बीपीएस महिला विश्वविद्यालय पहुंचीं

संवाद न्यूज एजेंसी



महिला विश्वविद्यालय में चर्चा करतीं सोनिया अग्रवाल। संवाद

गोहाना। हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने शुक्रवार को खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह (बीपीएस) महिला विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने शिक्षकों, गैर शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्राओं के साथ संवाद भी किया।

संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने की। इसके बाद उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने विश्वविद्यालय के छात्रावास का दौरा कर छात्राओं से सुविधाओं की जानकारी ली। जीजाबाई छात्रावास परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएं, छात्राओं को शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाएं। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रावास में अच्छा वातावरण प्रदान करने के साथ

### छात्राओं से लीं सुविधाओं की जानकारी, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

छात्राओं के लिए मूलभूत सुविधाओं को बेहतर प्रबंध करे। उन्होंने छात्राओं को कानूनी अधिकारों के साथ साइबर क्राइम से बचाव के बारे में भी जानकारी दी। कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल का पौधा भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान चीफ वार्डन डॉ. सुमन दलाल ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा से अवगत कराया। कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह, डॉ. प्रो. इप्शिता बंसल, उप कुलसचिव डॉ. नीलम मलिक, डॉ. मंजू पंवार, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी अंशु, महिला पुलिस थाना की प्रभारी सुदेश मौजूद रही।

# 'छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें शिक्षक'

**गोहाना** | खानपुर कलां गांव में स्थित बीपीएस महिला विवि में शुक्रवार को हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से बातचीत की तथा छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी जुटाई। उन्होंने छात्रावास में पौधरोपण भी किया। महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक अपनी जिम्मेदारी निभाएं। शिक्षक छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें। कार्यक्रम में चीफ वार्डन डॉ. सुमन दलाल, डॉ. मंजू पंवार, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह, उप-कुलसचिव डॉ. नीलम मलिक, वन स्टॉप सेंटर इंचार्ज अंशु, महिला थाना प्रभारी सुदेश आदि उपस्थित थी।

## विविध गतिविधियां

# शिक्षक छात्राओं को संस्कारवान भी बनाएं : सोनिया



राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल संवाद करते हुए • विश्वविद्यालय

वि., गोहाना : हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए छात्राओं को शिक्षित करने के साथ संस्कारवान भी बनाएं। प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा के प्रति गंभीर है। वे शुक्रवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारियों और छात्राओं के साथ संवाद कर रही थीं।

सोनिया अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रावास में अच्छा वातावरण प्रदान करे। छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जाए और साइबर अपराधों और इससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जाए। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि महिला शिक्षा व सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार संवेदनशील हैं।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 03-08-2024 - 03 Aug 2024 - Page 4

## प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से गंभीर

# शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कारवान भी बनाएंः सोनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए छात्राओं शिक्षित करने के साथ संस्कारवान भी बनाएं। प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा के प्रति गंभीर है और महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए गए।

सोनिया अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रावास में अच्छा वातावरण प्रदान करे और छात्राओं के लिए मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाएं। छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जाए और साइबर अपराधों और इससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जाए।



गोहाना। कुलपति प्रो. सुदेश व विवि स्टाफ सदस्यों के साथ चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल। फोटो: हरिभूमि

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि महिला शिक्षा व सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि समाज में महिला मुद्दों को लेकर अभी बेहतर करने की गुंजाइश है। कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारी को भी समझने का आह्वान किया। इस मौके पर चीफ वार्डन डा. सुमन दलाल ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डा. मंजू पंवार ने किया। इसके बाद सोनिया अग्रवाल ने विश्वविद्यालय के छात्रावास का दौरा किया और छात्राओं से बातचीत की। इस अवसर पर कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह, प्रो. इप्शिता बंसल, उप कुलसचिव डा. नीलम मलिक, अंशु, महिला पुलिस थाना की प्रभारी सुदेश मौजूद रही।

New Delhi to Ahmedabad
from Rs4,430
More Info




Hindi News

# महिला सुरक्षा के प्रति गंभीर है हरियाणा सरकार: महिला आयोग उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल

अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारी को भी समझें: कुलपति प्रो सुदेश

Girish Saini Aug 3, 2024 08:38






खानपुर कलां, गिरीश सैनी। हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा के प्रति गंभीर है तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं।

सोनिया अग्रवाल शुक्रवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारियों तथा छात्राओं के साथ संवाद कर रही थी। उन्होंने उपस्थित जन का आह्वान किया कि छात्राओं को रिश्तों की गरिमा बनाए रखना सिखाएं तथा भावी जीवन के लिए तैयार करें।

राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रावास में अच्छा वातावरण प्रदान करें और छात्राओं के लिए मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाएं। उन्होंने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देने की बात कही। साथ ही छात्राओं को साइबर अपराधों और इससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने की बात भी कही।

संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि महिला शिक्षा व सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि समाज में महिला मुद्दों को लेकर अभी भी बेहतर करने की गुंजाइश है। कुलपति प्रो सुदेश ने उपस्थित जन से अपने अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारी को भी समझने का आह्वान किया। कुलपति ने उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल को पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में चीफ वार्डन डॉ सुमन दलाल ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा से अवगत कराया। कार्यक्रम संचालन डॉ मंजू पंवार ने किया। तत्पश्चात उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने विश्वविद्यालय के छात्रावास का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से बातचीत की तथा छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने जीजाबाई छात्रावास परिसर में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर कार्यवाहक कुलसचिव प्रो श्वेता सिंह, प्रॉक्टर प्रो इप्सिता बंसल, उपकुलसचिव डॉ नीलम मलिक, वन स्टॉप सेंटर इंचार्ज अंशु, महिला पुलिस थाना की एसएचओ सुदेश सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय अधिकारी मौजूद रहे। /02/08/204

Tags: Haryana government | women's safety | Women Commission Vice President Sonia Agarwal

PREVIOUS ARTICLE
सेक्टर-14 स्थित पार्क में पौधारोपण किया

NEXT ARTICLE
प्रधानमंत्री की एक पेड़ मां के नाम मुहिम में योगदान देते हुए एक लाख पौधे लगाएगा...

RELATED POSTS


रोहतक सब्जी मंडी के प्रधान, उप प्रधान ने समर्थकों सहित विधायक...

क्या मुझसे दोस्ती करोगे?

लोटस फाउंडेशन का तीज महोत्सव

COMMENTS

Name
Email
Comment
I'm not a robot
Post Comment




POPULAR POSTS
Weekly Posts

Paris Olympics: You brought pride and honour to the nation,...

Govt's policies have potential to strengthen rupee: Piyush...

Kamala Harris turns down Trump's election debate proposal

1.8 cr Majhi Ladki Bahin Yojana applications filed in 25...

Coal Minister hands over 10 coal mines to successful bidders

FOLLOW US
Facebook | X (Twitter) | Linkedin | Youtube | Email

RECOMMENDED POSTS


Opinion
IANS Interview: Astonished by Rahul Gandhi's low-level...

IANS Interview: Harbhajan Singh talks Budget, cricket,...

IANS Interview: No religion is as liberal as Sanatan Dharma,...

FairPoint: Indian forces set to clean Jammu areas, nip...

IANS Interview: PM Modi wants India to become a 'developed...

IANS Interview: Phone-tapping controversy must be thoroughly...

CONTACT US

For Advertisement, News, Article, Advertorial, Feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechnoFormation
Terms & Conditions | Privacy Policy

पंजाब केसरी
SAT,03 AUGUST 2024
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# छात्राओं को रिश्तों की गरिमा बनाए रखना सिखाएं तथा भावी जीवन के लिए तैयार करें : अग्रवाल

■ **हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष महिला विश्वविद्यालय पहुंची, छात्राओं के साथ किया संवाद**



*महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल विश्वविद्यालय में संवाद करते हुए।* (अरोड़ा)

गोहाना, 2 अगस्त (अरोड़ा): हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा के प्रति गंभीर है तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं।

सोनिया अग्रवाल बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारियों तथा छात्राओं के साथ संवाद कर रही थीं। उन्होंने आह्वान किया कि छात्राओं को रिश्तों की गरिमा बनाए रखना सिखाएं तथा भावी जीवन के लिए तैयार करें। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रावास में अच्छा वातावरण प्रदान करें और छात्राओं के लिए मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाएं। उन्होंने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों और साइबर अपराधों और इससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने पर भी बल दिया।

संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने की। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षा और सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार संवेदनशील है। समाज में महिला मुद्दों को लेकर अभी भी बेहतर करने की गुंजाइश है। वी.सी. ने महिला आयोग की उपाध्यक्ष को पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में चीफ वार्डन डॉ. सुमन दलाल ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा से अवगत करवाया। संचालन डॉ. मंजू पंवार ने किया। उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने विश्वविद्यालय के छात्रावास का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से बातचीत की तथा छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने जीजाबाई छात्रावास परिसर में पौधारोपण भी किया।

इस अवसर पर कार्यवाहक रजिस्ट्रार प्रो. श्वेता सिंह, प्रॉक्टर प्रो. इप्शिता बंसल, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. नीलम मलिक, वन स्टॉप सैंटर इंचार्ज अंशु, महिला पुलिस थाना की एस.एच.ओ. सुदेश सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला सुरक्षा के प्रति गंभीर है हरियाणा सरकार : सोनिया अग्रवाल

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

गोहाना, 2 अगस्त। हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा के प्रति गंभीर है तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं।

सोनिया अग्रवाल शुक्रवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारियों तथा छात्राओं के साथ संवाद कर रही थी। उन्होंने उपस्थित जन का आह्वान किया कि छात्राओं को रिश्तों की गरिमा बनाए रखना सिखाएं तथा भावी जीवन के लिए तैयार करें।

राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रावास में अच्छा वातावरण प्रदान करे और छात्राओं के लिए मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाएं। उन्होंने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देने की बात कही। साथ ही छात्राओं को साइबर अपराधों और इससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने की बात भी कही।



संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि महिला शिक्षा व सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि समाज में महिला मुद्दों को लेकर अभी भी बेहतर करने की गुंजाइश है। कुलपति प्रो सुदेश ने उपस्थित जन से अपने अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारी को भी समझने का आह्वान किया। कुलपति ने उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल को पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में चीफ वार्डन डॉ सुमन दलाल ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा से अवगत कराया। कार्यक्रम संचालन डॉ मंजू पंवार ने किया। तत्पश्चात उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने विश्वविद्यालय के छात्रावास का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से बातचीत की तथा छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने जीजाबाई छात्रावास परिसर में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर कार्यवाहक कुलसचिव प्रो श्वेता सिंह, प्रॉक्टर प्रो इप्शिता बंसल, उपकुलसचिव डॉ नीलम मलिक, वन स्टॉप सेंटर इंचार्ज अंशु, महिला पुलिस थाना की एसएचओ सुदेश सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय अधिकारी मौजूद रहे।